>Title: Need to create an "Ahir Regiment" in the Army-Laid.

डॉ0 (श्रीमती) सुधा यादव (महेन्द्रगढ़): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण विाय की ओर दिलाना चाहती हूं। मान्यवर, पिछले काफी सालों से सेना में एक अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग की जा रही है। चीन के साथ लड़ाई के समय रेजांगला दर्रे के ऊपर 13वीं कुमांउनी रेजीमेंट की चार्ली कम्पनी, जो अहीरों की थी, ने बहुत योगदान दिया था, जो आज भी याद किया जाता है। इसी प्रकार कारगिल के समय और स्वतंत्रता संग्राम के समय अहीरों का योगदान बहुत रहा है। जिस प्रकार गुर्जर, जाट, गोरखा, कुमांउनी एवं अन्य रेजीमेंट सेना में कार्यरत है,और गुंजर रेजीमेंट की बात रक्षा मंत्री जी ने कही है उसी प्रकार से अहीरों की भी एक रेजीमेंट बनाने की मांग पिछले काफी सालों से हो रही है और समय समय पर सरकारों से आश्वासन भी मिले हैं।

मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि सरकार एक अहीर रेजीमेंट बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान करे ताकि अहीरों की महत्वपूर्ण मांग पूरी हो सके, जिन्होंने समय समय पर देश के गौरव को बढ़ाने में अपना बलिदान और सहयोग दिया है।